प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 01.06.2025

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला एक जन—आंदोलन है।

- प्रदेश में शिक्षकों के रिक्त पद पर होगी चरणबद्ध भर्ती—पहले चरण में पांच हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

- करीब बाईस सौ करोड़ रूपये के शराब घोटाले के मुख्य आरोपी विजय भाटिया को ईओडब्ल्यू और एसीबी ने दिल्ली से किया गिरफ्तार।

- प्रदेश में मानसून की रफ्तार थमी—फिलहाल बस्तर में ही ठहरा हुआ है मानसून।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने वाला एक जन—आंदोलन है। श्री चौहान ने कई राज्यों के विधायकों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत किसानों से चर्चा की जाएगी और उनके प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम' का मूलमंत्र भारत को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित बनाने में सहायक होगा।

विकसित भारत के लिए विकसित खेती और समृद्ध विकास और इसमें हमने तय किया, उत्पादन बढ़ाना है, लागत घटाना है, उत्पादन का ठीक दाम देना है, मार्केट रेट और एमएसपी के रेट के बीच का अंतर किसान के खाते में डाल दो, ताकि जुताई के नुकसान की भरपाई हो सके।

वहीं, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर विनय कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिकों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें खेती के उन्नत तरीकों के बारे में बता रही हैं।

होल्ड बाईट–डॉक्टर विनय कुमार (40 सेकेण्ड)

धमतरी जिले के सोरिद गांव के किसान अनिल कुमार साहू ने बताया कि वैज्ञानिकों की टीम ने उन्हें कम समय और कम लागत में अच्छा उत्पादन कैसे किया जाए, इस संबंध में जानकारी दी।

होल्ड बाईट–अनिल कुमार साहू (35 सेकेण्ड)

<u>सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा</u>

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में शिष्टमंडल आज ब्राजील की आधिकारिक यात्रा के लिए ब्रासीलिया पहुंचा।

वहीं, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल लाइबेरिया में है।

अल्जीरिया में, भारतीय जनता पार्टी सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने वहां के मीडिया, भारतीय प्रवासियों के एक वर्ग और अल्जीरिया में भारत के मित्रों को आतंकवाद के वैश्विक खतरे के बारे में जानकारी दी।

शिक्षक–भर्ती

प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पहले चरण में पांच हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। इसे लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी के तहत बीते दिनों स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके पूरा होने के बाद शिक्षकों के रिक्त पदों का आंकलन कर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

विजय भाटिया–गिरफ्तार

प्रदेश में हुए बाईस सौ करोड़ रूपये के शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू को आज एक बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले के प्रमुख आरोपी विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले, आरोपी के दुर्ग स्थित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता अभय जवादे।

एसीबी और ईओडब्ल्यू ने आज शराब कारोबारी विजय भाटिया के दुर्ग और भिलाई स्थित आठ ठिकानों की तलाशी ली। इनमें आरोपी के नेहरू नगर निवास, आदर्श नगर स्थित उनके पिता के घर पर टीम ने जांच की। वहीं, हथखोज स्थित फैक्ट्री और सेक्टर–छह के फर्नीचर शोरूम तथा उनके रिश्तेदारों के घर पर भी टीम पहुंची। इस दौरान घोटाले से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच आज रायपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया

गया है। विजय भाटिया को कल फिर से विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां एसीबी और ईओडब्ल्यू आरोपी की रिमांड की मांग करेगी।

उपभोक्ता आयोग–पत्रकारवार्ता

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के अंतिम दिन आज रायपुर में अधिवक्ताओं के साथ चर्चा की। बाद में पत्रकारों से चर्चा के दौरान न्यायमूर्ति साही ने कहा कि उपभोक्ता आयोग, देश में कन्ज्युमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत उपभोक्ताओं को न्याय दिला रही है। आयोग में अब कई जगह ई–हियरिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है और शिकायतों का ऑनलाइन दाखिला हो रहा है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि उपभोक्ता आयोग के पास आदेशों के पालन के लिए इंफोर्समेंट इंफ्रास्ट्रक्चर का अभाव है। न्यायमूर्ति साही ने बताया कि उपभोक्ता आयोग स्ट्रेचरी अदालत है। अभी आयोग में मुख्य रूप से चार प्रकार के प्रकरण आते हैं।

इससे पहले, कल रायपुर में जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दुर्घटना

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में आज हुए एक सड़क हादसे में दादा और पोते की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। यह हादसा गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरही नदी पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे के बाद पहुंचे आसपास के

लोगों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल महिला का इलाज गंडई के सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

स्वतंत्रता दिवस–प्रतियोगिता

केन्द्र सरकार द्वारा अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता का विषय – 'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना' रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माय जीओवी की वेबसाइट पर जा सकते हैं।

एक अन्य प्रतियोगिता में, सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को भारतीय स्वतंत्रता के किसी भी स्मारक और स्थल पर सैर का वीडियो और रील बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागियों को रील और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पेज पर हैशटैग न्यू इंडिया, हैशटैग इंपावर्ड इंडिया और हैशटैग इंडेपेंडेंस डे दो हजार पच्चीस हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा।

एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के अनिमेष कुजुर ने दो सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया है। अनिमेष की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

विश्व दुग्ध दिवस

आज विश्व दुग्ध दिवस है। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के सीपत में पशुधन विकास विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध सहकारी महासंघ मर्यादित देवभोग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों और पशुपालकों को दूध उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, झलमला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का शुभारंभ भी किया गया।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल–

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि फिलहाल मानसून की रफ्तार धीमी हो गई है और वह दंतेवाड़ा जिले से आगे नहीं बढ़ पाया है।

साइकिल रैली

तीन जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले आज रायपुर में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब और मोतीलाल साहू समेत कई अन्य लोग शामिल हुए। इस रैली का उद्देश्य लोगों को सेहत और फिटनेस के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था।

वहीं, 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत आज गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में भी साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारंभ गौरेला नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे और पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत ने किया।

जांजगीर में आयोजित साइकिल रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

<><><><><><>